राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/2021/ दिनांकः

**बी.ए./बी.एस.सी.–बी.एड. पार्ट–I एवं पार्ट–II परीक्षा–2021 के प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना**

राजस्थान विश्वविद्यालय के बी.ए./बी.एस.सी.–बी.एड. पार्ट–I एवं पार्ट–II परीक्षा–2021 के परीक्षार्थियों की परीक्षायें दिनांक 21.10.2021 से प्रारम्भ होगी। उक्त परीक्षाओं के प्रवेश पत्र वेबसाईट www.univraj.org पर दिनांक 15.10.2021 से उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र उक्त वेबसाईट से अपने नाम व परीक्षा फार्म संख्या प्रविष्ट कर, दो प्रतियों में डाउनलोड करें। डाउनलोड किये गये दोनों प्रवेश पत्रों में निर्धारित स्थान पर फोटो उपलब्ध होना अनिवार्य है, उपलब्ध न होने के स्थिति में अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो प्रवेश पत्र पर लगाकर संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से प्रमाणित करवाकर ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों। परीक्षा केन्द्र की प्रति अपने परीक्षा केन्द्राधीक्षक को जमा करावें। परीक्षार्थियों को अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। ऐसे परीक्षार्थी जिनके संदर्भ में संबंधित महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय अध्यादेश 323 के अन्तर्गत Short Attendance विश्वविद्यालय को रिपोर्ट की है वे परीक्षाओं में प्रविष्ठ होने के पात्र नहीं होंगे।

**आवश्यक निर्देश**

1. कोविड–19 महामारी से संक्रमण के बचाव हेतु भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों (एडवाईजरी) की पालना सभी स्तर पर आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें।
2. परीक्षा संबंधी सूचना हेतु विश्वविद्यालय नोटिफिकेशन क्रमांक उ.कु./गोप.–प्रथम/2021/1209 दिनांक 15.07.2021 का भी अवलोकन करें।

8.10.2021

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/2021/CE/788574–584 दिनांकः 8/10/21

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त केन्द्राधीक्षक संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय/मानविकी पीठ/पी.जी स्कूल्स/विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है किः–
   (I) उपरोक्तानुसार वेबसाईट से निकाले गए प्रवेश पत्रों को मान्य करें।
   (II) राज्य सरकार के दिशा–निर्देशानुसार आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं आपके परीक्षा केन्द्र पर आवंटित परीक्षार्थियों, प्राध्यापकों एवं समस्त स्टाफ का अतिशीघ्र टीकाकरण कराने हेतु संबंधित जिलें के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करें।
2. वित्त नियत्रंक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट www.uniraj.ac.in पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को समाचार के रूप में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
5. निदेशक, छात्र सूचना एवं सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. उप कुलसचिव, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. निजी सचिव–कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा/विविध शाखा/छात्र सूचना केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को इस निर्देश के साथ कि उक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षा–2021 में पंजीकृत परीक्षार्थियों को ऑनलाईन प्रवेश पत्र निर्धारित समय पर (उपरोक्तानुसार) अनिवार्य रूप से जारी करें।

**सहायक कुलसचिव**
**(परीक्षा 5–अ)**